# दीपों के पर्व पर छाया उल्लास, चहुंओर फैला दीपों का उजाला




नवभारत न्यूज

**खरगोन।** तिथियों की घट-बढ़ के चलते दीपोत्सव का त्यौहार इस बार दो दिन मना। दो दिन तक शहर सहित समूचे अंचल में दीपावली उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाई गई। घर और आंगन असंख्य दीपों की झिलामिलाहट से जगमगा उठे। दीपों की रोशनी, आतिशबाजी के प्रकाश और घरों में लगी रंग बिरंगी मनभावन सीरीज की लड़ियों ने धरती से आकाश के घने अंधेरे को दूर हटा कर हर तरफ उजियारा कर दिया। हर तरफ दीपावली की देर रात तक फटाकों की गूंज गूंजती रही। खुशियों से भरे इस त्योहार के अवसर पर हर घर में दीपोत्सव मनाया गया। हर घर में कई झिलमिलाती सीरीज से रोशनी दूर. दूर तक झिटक रही थी। हर घर के सामने दीप जल रहे थे। सजे धजे घर के सामने रंग-बिरंगी रंगोली की छटा बिखर रही थी। लोगों ने अपने घरों को आम के पत्तों और पुष्प मालाओं से खूब सजाया। मुहुर्त के अनुसार धन की देवी महालक्ष्मी की पूजन अर्चन की गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खुशी की लहर बनी रही।



## लक्ष्मी पूजन के साथ वाहनों का पूजन





बिस्टान, नि प्र। बिस्टान नगर परिषद में हुआ लक्ष्मी पूजन के साथ वाहनो का पूजन कर परिसर में रोज मर्रा के वाहनों का शो प्रदसित कर प्रदर्शन किया सोमवार को लक्ष्मी पूजन के शुभ मूहर्त के अवसर पर यहां की स्थानीय कोर कमेटी में परिषद अध्यक्ष सभा पति ऐव पार्षद गण कर्मचारी गण सफाई कर्मी की उपस्थिति में पंडित जी द्वारा मां लक्ष्मी जी का पूजन पाठ कर मां लक्ष्मी से वर मांगा वर्ष भर इस संस्था में कर के रूप में वित्तीय खजाना भरता रहे धन्य धान से परिषद फलता फूलता रहे जिससे परिषद का सावर्गनिक विकास कार्य किए जा सकेंगे मां की स्तुति कर आरती उतारी गई फटाके की रल भी फोड़ी गई तद पश्चात प्रसाद का वितरण भी किया गया सफाई कर्मीयो को उपहार स्वरूप कपड़े भी दिए गए इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष डेम सिंह नार्वे ,सभा पति प्रहलाद वास्कले , प्रेम लाल मोरे प्रतिपक्ष राजेश मंडलोई,रूपेश राठौड़ सहित कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने किया महालक्ष्मी पूजन




**खरगोन, निप्र।** भाजपा खरगोन जिला कार्यालय पर दीपावली के उपलक्ष्य में महालक्ष्मी पूजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने महालक्ष्मीजी, मां सरस्वती व भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना व आरती की। श्रीमती ब्राह्मणे ने देश में सुख, शांति, समृद्धि, आरोग्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक बाबुलाल महाजन, पूर्व माशिमं उपाध्यक्ष भागीरथ कुमरावत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य परसराम चौहान, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण इंगले, जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार, खरगोन नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे, पश्चिम मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, गोगावां मंडल अध्यक्ष पवन राठौड़, कसरावद पश्चिम मंडल अध्यक्ष मनीष पाटीदार, वरिष्ठ नेता काशीराम पाटीदार, ताराचंद यादव, शंकर मैना, डॉ. शम्भूसिंह मनहर, डॉ. केआर शर्मा, वीरेंद्र पाटीदार, भगवान प्रजापत, अतिशय जोशी, मांगीलाल गाड़गे, झंडू पटेल, राजू मकवान, आकाश गुप्ता, भोला प्रजापत, अंशुम जोशी, अखिलेश यादव, रजत करोसिया, पीयूष जोशी, जीतू राठौड़, डॉ. भीम यादव, सत्येंद्र टोपी, शुभम मंडलोई, शुभम पाटीदार, पंकज परिहार, विजय मोरे, पंडित कमलापति बादल, श्याम राठौड़ आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बाहेती कॉलोनी की पानी की टंकी बदहाल बदहाल हालत में, दुर्घटना का खतरा

**सनावद, निप्र।** बाहेती कॉलोनी में गोपाल गौशाला के समीप स्थित पानी की टंकी, जो विगत 25 वर्षों से क्षेत्रवासियों को जलापूर्ति कर रही है, अब अपनी जर्जर स्थिति के कारण चिंता का विषय बन गई है। टंकी के रखरखाव में लापरवाही के चलते इसके सीमेंट के हिस्से अक्सर ऊपर से नीचे गिरते हैं, जिससे आसपास के कॉलोनीवासियों को चोट लगने और बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या के बावजूद टंकी के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया गया है। कॉलोनीवासियों ने निर्णय लिया है कि वे इस मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित आवेदन देकर टंकी की मरम्मत या उसकी अवधि समाप्ति के संबंध में उचित कदम उठाने की मांग करेंगे, ताकि भविष्य में किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा है कि वह इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई करे और क्षेत्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।



### राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने दी मंडियों में तालाबंदी की चेतावनी, सीसीआई खरीदी की मांग



**खरगोन, निप्र।** जिले में कपास की समर्थन मूल्य पर खरीदी का इंतजार कर रहे किसानों का सब्र जवाब देने लगा है।दीपावली अवकाश के बाद शुरु होने वाली खरीदी के दौरान सीसीटीआई खरीदी नही होने पर किसानों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने सांसद, विधायक को अपी मांगों के समर्थन में सौंपे ज्ञापन के दौरान चेतावनी दी है कि यदि 24 अक्टूबर को सीसीआई की खरीदी शुरू नहीं होती है तो सुबह 10 बजे जिले की तमाम मंडियों में धरना आंदोलन व मंडी गेट पर तालाबंदी प्रदर्शन किया जाएगा। महासंघ पदाधिकारियों ने सांसद गजेंद्र पटेल व खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें सीसीआई की खरीदी अति शीघ्र करने, इसमें 12 प्रतिशत नमीं को 25 प्रतिशत बढ़ाने, किसानों को ऋण मुक्त करने, पीएम किसानों को सी .2 प्लस, जैसी मांगें शामिल है।

### महावीर स्वामी का निर्वाण दिवस मनाया

**सनावद, निप्र।** मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है का संदेश देने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मंदिर जी में हरषोल्लासपूर्वक पूर्वक मनाया गया। जैन समाज अध्यक्ष पंकज जटाले एवं सचिव अजय शाह ने बताया कि सारी दुनिया जन्म महोत्सव मनाती है, लेकिन जैन दर्शन में निर्वाण महोत्सव मनाया जाता है। भगवान महावीर स्वामी ने जगत को संदेश दिया है जियो और जीने दो।प्रात: काल में नित्य नियम अभिषेक, पूजन कर निर्वाण कांड का वाचन कर महावीर स्वामी को समाज जनों ने 2551 वा निर्वाण महोत्सव मनाते हुए निर्वाण लाडू चढ़ाया। इस महामंगल अवसर पर प्रथम अभिषेक श्रीमती प्रिती विनीत जैन,शांति धारा करने का सौभाग्य श्रीमती कृतिका सोमिल शाह एवं श्रीमती अस्मिता अर्पल घाटे, श्रीमती अलका मनोज घाटे, श्रीमती शिवांगी मोनिल जटाले ध परिवार को मिला।इस अवसर पर प्रथम निर्वाण लाडू श्रीमती सरिता धीरेन्द्र घाटे एवं द्वितीय लाडु श्रीमती कविता सुरेंद्र जटाले परिवार द्वारा चढ़ाया गया, महामंगल आरती का सौभाग्य मामा फैशन में परिवार को मिला।मंदिर जी में श्री जी के सिंहासन पर मंगलमई छत्र श्रीमती रीना अजय शाह परिवार द्वारा भेट किया गया।सभी समाज जनों ने गले मिलकर नव वर्ष की बधाई दी।इस अवसर पर युवा मित्र मंडल द्वारा समाज बंधुओ के लिए स्वल्पाहार का आयोजन किया गया।



### झाड़ियों के बीच मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**खरगोन, निप्र।** कोतवाली क्षेत्र से करीब 4 किमी दूर चित्तौडग़ढ़ – भुसावल हाइवे पर मंगलवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब भोंगा नाला के समीप मोड़ पर एक युवक का शव सड़क किनारे झाड़ियों के बीच नजर आया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव पीएम के लिये अस्पताल भेजा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक की शिनाख्त मयूर शशिकांत खोड़े (32) निवासी सीता विहार कॉलोनी के रूप में हुई है। मृतक की शिनाख्त कोतवाली पहुंचे परिजनों के अनुसार मयूर रातभर घर नहीं लौटने पर सुबह तलाश भी की।इस दौरान अज्ञात शव मिलने की सूचना पर थाने पहुंचे।मृतक के भाई आदित्य ने पुलिस को बताया की मयूर मार्केटिंग का काम करता था, वह जामली रोड पर कैसे पहुंचा वह नही जानते।

### बलिदानी पुलिसकर्मियों को दी पुष्पांजलि

**खरगोन, निप्र।** डीआरपी लाईन में शहीद दिवस पर श्रद्धाजंलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे हुई। उप महानिरीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, एसपी रविन्द्र वर्मा के पहुंचने पर सलामी दी गई।एसपी ने डायस पर नामावली का वाचन किया।जिसमें 1 सितम्बर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक देश में भारतीय पुलिस बल के 191 अधिकारी, जवानों के नाम उल्लेखित किया। 11 पुलिसकर्मी मध्यप्रदेश पुलिस सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। पाल बेरियर पार्टी द्वारा शहीदों की नामावली डायस पर रखी गई। इसके बाद शहीद स्मारक पर देश की आंतरिक सुरक्षा के दौरान अपनी शहादत देने वाले वीर सैनिकों को याद कर उनकी शहादत को नमन किया गया। सूबेदार मुकेश हायरी व सूबेदार दीपेन्द्र स्वर्णकार के निर्देशन में परेड मार्च किया गया। जिला पुलिस बल के जवानों ने शस्त्र झुकाकर और मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस उपमहानिरीक्षक, एसपी, विधायक बालकृष्ण पाटीदार सहित आला अधिकारियों की उपस्थिति में अमर जवान ज्योति स्थल (शहीद स्माकर) पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।पुष्पांजलि के बाद परेड मार्च निकाला गया।इस दौरान 7 अप्रैल 2016 में भूतड़ी अमावस्या पर बड़वाह के नावघाटखेड़ी में ड्यूटी के दौरान नर्मदा नदी में बालक अंतरिक्ष उपाध्याय को डूबने से बचाने मेंअदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद प्रधान आरक्षक बसंत वर्मा के परिवार का शॉल .श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।इस दौरान एएसपी बिट्टू सहगल, एएसपी शकुन्तला रुहल आदि अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में चीनी सैनिकों द्वारा किए गए हमले में 10 भारतीय पुलिस जवानों के शहीद होने की स्मृति में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति



## कलश निष्ठापन के साथ युगल मुनिराज के सान्निध्य में भगवान महावीर स्वामी का 2552वां निर्वाणोत्सव मनाया



**बड़वाह, निप्र।** भगवान महावीर जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर होकर अंतिम तीर्थंकर हैं। महावीर स्वामी ने कार्तिक कृष्ण अमावस्या के दिन ही स्वाति नक्षत्र में कैवल्य ज्ञान प्राप्त करके निर्वाण प्राप्त किया था। जैन धर्म में धन-यश तथा वैभव लक्ष्मी के बजाय वैराग्य लक्ष्मी प्राप्ति पर बल दिया गया है। उक्त उदगार मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज ने कहा। सन्मति जैन काका ने बताया की नगर में चतुर्मासरत मुनिराज मुनि श्री विश्वसुर्य सागर जी महाराज ने अपने उद्बोधन मंगल कलश निष्ठापन क्रिया संपन्न कर कहा की प्रतिवर्ष दीपावली के दिन जैन धर्म में दीप मालिका सजाकर भगवान महावीर का निर्वाणोत्सव मनाया जाता है। कार्तिक अमावस्या के दिन भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। उसी दिन शाम को श्री गौतम स्वामी को कैवल्यज्ञान की प्राप्ति हुई थी, तब देवताओं ने प्रकट होकर गंधकुटी की रचना की और गौतम स्वामी एवं कैवल्यज्ञान की पूजा कर के दीपोत्सव का महत्व बढ़ाया। इसी अवशर पर सबेरे से सर्वप्रथम दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर जी मे पंचामृत अभिषेक पूजन के पश्चात निर्वाण लाडू चढ़ाया गया निर्वाण लाडू चढ़ाने का शोभाग्य नंदलाल नीरज कुमार जैनी परिवार को प्राप्त हूवा वही उसके बाद सुपार्श्वनाथ मंदिर एवम श्री खंडेलवाल आदिनाथ छोटा जैन मंदिर, श्रीमन्दर जिनालय ,महावीर जिनालय सहित पोदनपुर, णमोकार धाम ,मोरटक्का सहित सिद्धवरकूट जी में भी लाडू चढाया गया। भगवान महावीर के दिव्य-संदेश %जियो और जीने दो% को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वर्ष-प्रतिवर्ष कार्तिक अमावस्या को दीपक जलाए जाते हैं। और भगवान महावीर से कृपा-प्रसाद प्राप्ति हेतु लड्डुओं का नैवेद्य अर्पित किया जाता है। इसे 'निर्वाण लाडू' कहा जाता है। इस अवशर पर सभी समाजजनो एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी इस अवसर पर सभी समाजजन उपस्थित थे। श्रीमान जी से निवेदन ही की समाचार को अपने लोकप्रिय पेपर में उचित स्थान देवे।

## लक्ष्मी पूजा के बाद कन्या पूजन कर सफाई कर्मचारियों के साथ बांटी खुशियां




**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर में दीपावली के अवसर पर घर व्यापारिक प्रतिष्ठान और कार्यालयों में भी लक्ष्मी पूजन किया गया।नगर की प्रतिनिधि संस्था नगर परिषद में दीपावली का पर्व सफाईकर्मियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में मनाया गया।नगर परिषद के प्रथम तल पर महालक्ष्मी पूजन परिषद के लेखपाल मुकेश श्रीवास द्वारा किया गया।अध्यक्ष और सी एम ओ सहित सफाई कर्मियों और कर्मचारियों ने महालक्ष्मी पूजन किया।इसके बाद निकाय के वाहनो का पूजन एव कन्या पूजन किया गया पश्चात अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ,सी एम ओ संजय रावल ने कर्मचारियों को मिठाई वितरण किया दीपावली की बधाईयां प्रेषित करते हुए अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने कहा कि परिषद अध्यक्ष के रूप में उनका तीन वर्ष का कार्यकाल 31 अक्टूबर को पूरा होने वाला है इन तीन वर्षों में आप सभी का सहयोग और परिषद के प्रति समर्पण और निष्ठा से मैने तीन वर्ष के कार्यकाल में बहुत बड़ा लक्ष्य हासिल किया है आशा है अगले दो वर्ष के हम सब मिलकर नगर को स्वच्छता और विकास में नई ऊंचाईयों पर ले जाने के सफल होंगे सभी कर्मचारियों की दीपावली अच्छी रहे इसलिए एक दिन पूर्व की कर्मचारियों का वेतन डाल दिया गया है।अब हम त्यौहार मनाने के साथ साथ नगर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे और नगर को स्वच्छ सुंदर बनाए रखें। इसके बाद सभी अधिकारी कर्मचारियों के साथ नगर परिषद के सामने भव्य आतिशबाजी की गई।इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद कमलेश भार्गव ,मुजीब मोंटी कुरैशी जगदीश केवट,रत्नदीप मोयदे कैलाश वर्मा,संजय कलोसिया,अभिजीत वर्मा,दरोगा मनोहर गोहर,शैलेन्द्र गोहर सहित सफाई कर्मचारी स्टाफ पार्षद,पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**एक नजर** ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, घोष वादन और अनुशासित कदमताल ने मन मोहा

## दोगावां मण्डल में अनुशासन और उत्साह के साथ निकला स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन

नवभारत न्यूज

**कसरावद।** विजयादशमी के निमित्त दिनांक 19 अक्टूबर2025 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा ग्राम दोगावा में आयोजित पथ संचलन अद्वितीय उत्साह, अनुशासन और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर सैकड़ों स्वयंसेवक एकरूप वेशभूषा में कदमताल मिलाकर ग्राम की प्रमुख सड़कों से गुजरे, जिनका जगह-जगह समाजजनों ने पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉक्टर साहब और गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं शस्त्र पूजन से हुआ। इसके पश्चात अनुशासित कदमताल और घोष वादन की ऊर्जावान धुनों ने ग्राम का वातावरण ओजपूर्ण बना दिया। स्वयंसेवकों की एकजुट चाल और घोष की गूंज देखते ही बनती थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कमल रावल ज्योतिषी दोगावा मंचासीन रहे। मुख्य वक्ता संतोष जी पटेल (खरगोन विभाग सह शारीरिक प्रमुख) ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों और अनुशासन की भावना जागृत करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रत्येक स्वयंसेवक और नागरिक को भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने का संकल्प लेना होगा। समाज को जाति भेदभाव से उठकर काम करना पड़ेगा। जब जाकर विकसित भारत का निर्माण होगा। पथ संचलन के दौरान नगर के विभिन्न वर्गों – व्यापारीगण, महिलाएं, बच्चे और संस्थाओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। नागरिकों ने कहा कि ऐसा अनुशासन, एकता और आत्मबल का दृश्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। उल्लेखनीय संख्या में स्वयंसेवकों की सहभागिता और समाज के सभी वर्गों से मिले समर्थन ने यह स्पष्ट कर दिया कि संघ के शताब्दी वर्ष में संगठन की जड़ें और भी सुदृढ़ हो रही हैं।

